आयुक्त ने शिवाजी नगर, खुर्सीपार क्षेत्र का कियासघन निरीक्षण

भिलाईनगर। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा शहर के स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए इंडोर स्टेडियम, रिक्त भूखण्ड, आवास सहित उद्यान का निरीक्षण किया गया। उपस्थित अधिकारियों को संधारण एवं सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने कहा गया है। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे द्वारा जोन–4 इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया गया है। आयुक्त ने इंडोर स्टेडियम के संधारण कार्य को प्राक्कलन अनुसार शेष कार्य पूर्ण कराने कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा को निर्देशित किए हैं। इंडोर स्टेडियम तैयार होने से खेल में रुचि रखने वाले प्रतिभावान खिलाड़ियों एवं हुनर वाले खिलाड़ियों को विशेष सुविधा मिलेगी। निगम आयुक्त कुछ समय के लिए अन्य अधिकारियों के साथ बैडमिंटन खेले और बैडमिंटन खेलने के कुछ टिप्स भी दिए । सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कार्य के साथ–साथ स्वास्थ्य का भी ख्याल रखें । नेशनल हाईवे से लगे रिक्त भूखण्ड का अवलोकन किये, आगामी समय में नागरिको की आवश्यकता अनुसार सुविधाओं के विकास हेतु उपयोग पर चर्चा किया गया है। उन्होंने शिवाजी नगर में अटल आवास का निरीक्षण करते हुए कालोनी एवं आस–पास की साफ–सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने कहा है। वार्ड क्रं. 51 में नागरिको की सुविधाओं के लिए उद्यान निर्मित है। आयुक्त ने पिंक उद्यान का अवलोकन करते हुए सिंचाई एवं सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने कहा है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।